भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3678

04 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

ओडिशा में इस्पात क्षेत्र का विकास

3678. डॉ. सस्मित पात्रा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में इस्पात क्षेत्र के विकास का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में क्षमता विकास, क्षमता उपयोग, उत्पादन और विदेशी निवेश आदि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश के अन्य राज्यों की तुलना में इस्पात क्षेत्र में ओडिशा की समग्र स्थिति क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): विगत पाँच वर्षों के दौरान ओडिशा में कच्चे इस्पात की क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग का विवरण नीचे दिया गया है:

अवधि (वर्ष)	**क्षमता (हजार टन में)**	**उत्पादन (हजार टन में)**	**क्षमता उपयोग (%)**
2016-17	23662	17741	75
2017-18	27239	16968	62
2018-19	26417	19299	73
2019-20	25370	20253	80
2020-21	25330	21432	85
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)			

ओडिशा में विगत पाँच वर्षों में इस्पात उत्पादन में 25.46% और इस्पात क्षमता में 3.8% की वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र नामतः 'धात्विक उद्योगों' में सूचित एफडीआई इक्विटी के अंतर्वाह (इन्फ्लो) का राज्य-वार ब्यौरा, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ इस्पात क्षेत्र से संबंधित गतिविधियाँ शामिल हैं,

अक्टूबर, 2019 से रखा जा रहा है। अक्टूबर, 2019 से जनवरी, 2022 तक 'धात्विक उद्योग' क्षेत्र में सूचित किए गए एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह का ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ग): इस्पात क्षेत्र में देश के पाँच सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन करने वाले राज्यों में ओडिशा की समग्र स्थिति नीचे दी गई है:

राज्य	**कच्चे इस्पात के उत्पादन का हिस्सा - राज्य-वार (%)**				
	2016-17	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**
छत्तीसगढ़	12	13	12	12	13
झारखंड	17	17	16	16	15
कर्नाटक	13	12	12	12	11
महाराष्ट्र	9	8	8	8	8
ओडिशा	**18**	**16**	**17**	**19**	**21**
स्रोत: जेपीसी					

****